# पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी

**साहित्य** अकादमी ने मैक्सिको के ग्वादलाजारा अंतराष्ट्रीय पुस्तक मेले में सहभागिता की। यह पुस्तक मेला 30 नवम्बर से आयोजित होकर 8 दिसम्बर तक चला। भारत इस पुस्तक मेले में विशिष्ट अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसके साथ ही भारत यह सम्मान पाने वाला पहला एशियाई देश भी बन गया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास इस मेले के लिए भारत की नोडल एजेंसी के रूप में था।